कार्यालय प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवली

NH-12, राजकीय अस्पताल के पास, देवली (टोंक), राजस्थान -304804

Email: gc_deoli@rediffmail.com , govtcollegedeoli@gmail.com

Phone/Fax : 01434-232202

क्रमांक / रामदे / 2020 /   दिनांक : 02.10.2020

प्रेस नोट

आज दिनांक 02.10.2020 कसे महाविद्यालय में 'अंतराष्ट्रीय अहिंसा दिवस' के साथ गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती मनाई गई । इस अवसर पर मास्क सहित सोशल डिस्टेसिंग के साथ आयोजित संक्षिप्त संगोष्ठी में प्राचार्य श्री बन्ना लाल ने दोनों महापुरूषों द्वारा राष्ट्र निर्माण में दिये गये योगदान पर प्रकाश डाला । वरिष्ठ सह आचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा, डॉ. डी.पी. त्रिपाठी एवं एन.सी.सी. प्रभारी मनोज कुमार राघव ने भी सन्दर्भित विषय पर शेष संकाय सदस्यों को संबोधित किया । संगोष्ठी में गांधीजी व शास्त्रीजी के चित्र पर पुष्पमाला एवं पुष्प अर्पित कर स्वतंत्रता प्राप्ति एवं राष्ट्र निर्माण में उनके महती योगदान को स्मरण किया गया ।

महाविद्यालय में आज 'नो मास्क, नो एन्ट्री' पखवाड़े का आरंभ हुआ । इस अवसर पर प्राचार्य ने जन जागरूकता के लिए निर्मित बेनर के समक्ष महाविद्यालय के सभी सदस्यों को कोरोना महामारी से बचाव संबंधी शपथ ग्रहण करवाई एवं सभी से इस संबंध में सभी विद्यार्थियों के मध्य संचार साधनों के माध्यम से जागरूकता प्रसारित करने का अनुरोध किया ।

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय, देवली

प्रतिलिपि :- प्रकाशनार्थ हेतु -

1. संपादक महोदय राजस्थान पत्रिका / दैनिक भास्कर / दैनिक नवज्योति / पंजाब केसरी।
2. वेब प्रभारी अपलोड हेतु ।

Scanned with CamScanner